छत्तीसगढ़ विधान सभा

जनवरी-मार्च, 2010 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरूवार, दिनांक 14 जनवरी, 2010 (पौष-24, 1931)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम, 2005 (क्रमांक 16 सन् 2005) की धारा 6 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार वर्ष 2009-2010 के बजट की प्रथम एवं द्वितीय तिमाही के आय तथा व्यय की प्रवृत्तियों की समीक्षा पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) श्री मोहम्मद अकबर, सदस्य, जिला रायगढ़ स्थित एम.एस.पी. स्टील एवं पावर प्लांट लिमिटेड के सुरक्षा कर्मियों द्वारा छात्रों पर गोलीचालन किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री देवजी पटेल, सदस्य, प्रदेश के बाल श्रमिक स्कूलों के संचालन में अनियमितता किये जाने की ओर श्रम मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. प्रतिवेदन की प्रस्तुति

श्री सेवकराम नेताम, सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का प्रथम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

5. याचिकाओं की प्रस्तुति

श्री बोधराम कंवर, सदस्य, जिला कोरबा के विकासखण्ड कटघोरा के अंतर्गत -

(i) ग्राम घुड़देवा में संचालित हाईस्कूल का उन्नयन हायर सेकण्डरी स्कूल में करने,

(ii) ग्राम अरदा में प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास प्रारंभ करने

के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

6. महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर श्री नारायण चंदेल, सदस्य द्वारा दिनांक 11 जनवरी, 2010 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा (क्रमश:) :-

"महामहिम राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया उसके लिये छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं."

रायपुर

दिनांक 13 जनवरी, 2010

देवेन्द्र वर्मा
सचिव.